get ready QUEENSLAND

# अपने पड़ोसियों का अता-पता लें

Queensland Government

**क्वीन्सलैंड में हमें उम्दा जलवायु और जीवनशैली प्राप्त है। लेकिन, प्राकृतिक खतरे जैसे कि चक्रवात, तूफान और बाढ़ जैसी कुदरती विपदाएँ हमारे पर्यावरण की एक अवस्यंभावी पहलू हैं। इतिहास दिखाता है कि हम इनके खतरों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते।**

**समय निकालकर आपात-स्थितियों के लिए तैयारी करें और:**

- आपातकालीन योजना बनाएँ
- आपातकालीन किट बनाएँ
- अपने घर को तैयार करें
- चेतावनियों के प्रति सजग रहें
- अपने पड़ौसियों का अता-पता लें

ये सरल कार्य आपको कुदरती विपदाओं के आघात के लिए तैयार रहने, उनसे बचने और उनके प्रभाव को न्यूनतम करने में मदद कर सकते हैं।

**इस मौसम में, तूफान, चक्रवात या बाढ़ में फँसने से बचिए।**

**अभी से तैयारी करें!**

अथवा, आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट में पधारें:
www.disaster.qld.gov.au

**आपकी घर-गृहस्थी को तैयार करने का एक अहम पहलू अपने पड़ोसियों को जानना है। पड़ोसी कई तरह से एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। पड़ोसियों में शामिल हैं, आपकी गली या समुदाय के लोग।**

**अपने पड़ौसियों को जानें**

क्वीन्सलैंडवासी एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आने के लिए मशहूर हैं। सच तो यह है कि पड़ौसी कई तरह से एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। पड़ौसियों में शामिल हैं आपकी गली या समुदाय के लोग।

आपके समुदाय में ऐसे लोग हो सकते हैं जिन्हें आपात स्थितियों में औरों से अधिक मदद की आवश्यकता हो सकती है - और कई बार यह मदद पड़ोसी पहुँचा सकते हैं।

आपके पड़ोस के उन लोगों के बारे में सोचें जिन्हें आपकी मदद की आवश्यकता हो सकती हैं; मसलन:

- उम्रदराज़ लोग जो घर पर अकेले हैं।
- ऐसे लोग जो शारीरिक या ज्ञानेंद्रियों की दृष्टि से अक्षम हैं।
- कायमी या मानसिक बीमारी से ग्रस्त लोग।
- छोटे बच्चों वाले अकेले माता-पिता।
- अनेक सदस्यों वाले बड़े परिवार।
- आपके इलाके में नए आए लोग, जिनमें पर्यटक, शरणार्थी या नए आए आप्रवासी शामिल हैं।

**आप क्या कर सकते हैं?**

- अपने पड़ोसियों से बात करें ताकि आप उन लोगों को पहचान सकें जिन्हें मदद की आवश्यकता हो सकती है - पर याद रखें, लोग अपनी प्राइवेसी को मूल्यवान समझते हैं।
- उन चीज़ों की सूची बनाएँ जिनमें पड़ोसी एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। क्या किसी में विशिष्ट कुशलताएँ हैं, जैसे, चिकित्सकीय, तकनीकी या कोई हुनर?
- योजना बनाएँ कि पड़ोस के लोग विपदा के बाद मिल-जुलकर कैसे काम कर सकते हैं।
- सामुदायिक कार्यकर्ता बैठक आयोजित करें - अपने पड़ोसियों को जानने का यह एक बढ़िया तरीका है।
- आप दूसरों की मदद कैसे कर सकते हैं इसके कुछ उदाहरण -

  - बलदेव को देखने-सुनने से संबंधित अक्षमता है और जब मौसम संबंधी चेतवानियाँ जारी की जाती हैं या उन्हें रद्द किया जाता है, तो किसी को उसे सूचित करना होता है।
  - जानकी भारी वस्तुएँ उठाने में असमर्थ है और जब बाढ़ का पानी घर में घुसने की आशंका हो तो उसे घर की मेज-कुर्सियाँ और अन्य भारी चीज़ें खिसकाने में मदद की ज़रूरत पड़ेगी।
  - यदि बिजली गुल हो जाए, तो जनार्दन को खाना पकाने और अपने परिवार से संपर्क साधने में मदद की ज़रूरत पड़ेगी।
  - सलमा पहिएदार कुर्सी का उपयोग करती है और उसे अपने घर की चीज़ों को सुरक्षित करने में मदद की ज़रूरत पड़ेगी।

- अपने पड़ौसियों के साथ बैठकर एक कप चाय के साथ बातचीत करें कि क्या हुआ है।

**अपने पड़ोसियों की मदद करना चाहते हैं?**

- निम्नलिखित विधि से आपात स्थिति के लिए अपने घर का मूल्यांकन करने और उसे तैयार करने में मदद करें:
  - घरेलू आपात योजना बनाने में मदद करें;
  - आपातकालीन किट तैयार करने में मदद करें;
  - पालतू जानवरों या मदद करनेवाले कुत्तों के लिए आपातकालीन योजना बनाने में मदद करें।
- आपात स्थितियों से कारगर रीति से निपटने के लिए आवश्यक साधनों को पहचानने और जुटाने में मदद करें।
- बाढ़ के पानी के मार्ग से मेज-कुर्सी और अन्य कीमती सामानों को हटाने में मदद करें।
- जो कुछ हो रहा हो, उसके बारे में सूचना दें।
- चक्रवात या तूफान से पहले संपत्ति को सुरक्षित करने में मदद करें।
- आपात स्थित के समय छिपने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराएँ।
- विपदा के बाद साफ-सफाई करने में मदद करें।

SES FLOOD STORM EMERGENCY 132 500

**तूफान, बाढ़ के पानी, भवनों पर गिरे पेड़ों, या आपके घर की छत को हुए नुकसान में यदि आपको मदद चाहिए, तो राज्य आपातकालीन सेवा को 132 500, बस इस एक नंबर पर फोन करना पर्याप्त है।**

यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी द्वारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**अथवा, आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट में पधारें:
www.disaster.qld.gov.au**

© 2011 Department of Community Safety

# अपने पड़ोसियों का अता-पता लें

Queensland Government

याद रखें - अपने पड़ोसी की प्राइवेसी के प्रति सजग रहें

## पड़ोसी का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **घर का नंबर** | | **पारिवारिक नाम** | |
| **परिवार के सदस्य** | | | |
| **पालतू जानवर** (प्रकार और नाम) | | | |
| **फोन नंबर** | | | |
| **ईमेल पता** | | | |
| **आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए फोन नंबर** | | | |
| **रिश्ता** | | | |
| **टिप्पणियाँ** (उदा., मदद की आवश्यकता है) | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **घर का नंबर** | | **पारिवारिक नाम** | |
| **परिवार के सदस्य** | | | |
| **पालतू जानवर** (प्रकार और नाम) | | | |
| **फोन नंबर** | | | |
| **ईमेल पता** | | | |
| **आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए फोन नंबर** | | | |
| **रिश्ता** | | | |
| **टिप्पणियाँ** (उदा., मदद की आवश्यकता है) | | | |

**आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट में पधारें - www.disaster.qld.gov.au**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **घर का नंबर** | | **पारिवारिक नाम** | |
| **परिवार के सदस्य** | | | |
| **पालतू जानवर** (प्रकार और नाम) | | | |
| **फोन नंबर** | | | |
| **ईमेल पता** | | | |
| **आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए फोन नंबर** | | | |
| **रिश्ता** | | | |
| **टिप्पणियाँ** (उदा., मदद की आवश्यकता है) | | | |

## महत्वपूर्ण फोन नंबर

| | |
|---|---|
| **पुलिस, अग्नि-शमन, ऐंबुलेन्स** (तभी फोन करें जब आपको लगे कि आपात स्थिति के कारण किसी की जान को खतरा है, या किसी की स्थित गंभीर या शोचनीय है) | आपात स्थितियाँ: 000 तीन शून्य (मोबाइल से 112) |
| **राज्य आपातकालीन सेवा (एस ई एस)** | 132 500 |
| **स्थानीय परिषद** | |
| **आर एस पी सी ए**<br>खो गए या पाए हुए जानवर की सूचना देने के लिए, 1300 363 736 | |
| **घायल या फँसे स्थानीय जानवरों के लिए मदद** | 1300 animal<br>1300 264 625 |
| **स्थानीय पशु कल्याण अभिकरण** | |
| | |
| | |